दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 44 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 02 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

**आवश्यक सूचना**

जयपुर टाइम्स समाचार पत्र परिवार की ओर से सभी प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

होली के अवसर पर दो दीन का अवकाश रहेगा। अगला अंक बुधवार, 05 मार्च को प्रकाशित होगा।

## भारत की सभ्यता और संस्कृति को मजबूती प्रदान करने और इसके प्रचार प्रसार करने में जैन समाज की अग्रणी भूमिका : भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोड़ देकर कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति को मजबूती प्रदान करने और इसके प्रचार प्रचार में जैन समाज की अग्रणी भूमिका रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान और देश के विकास में भी जैन समाज हमेशा आगे रहा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को जयपुर में जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर एक होटल में आयोजित जे आई टी ओ वाटिका रिप्रेजेंटेटिव वर्टिकल और विश्व नवकार महामंत्र 2026 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे उन्होंने कहा कि शिक्षा चिकित्सा व्यापार कला संस्कृति उद्योग हर क्षेत्र में जैन समाज की शुरू से ही बड़ी भूमिका रही है इन सभी क्षेत्रों में जैन समाज के लोगों ने देश और दुनिया में अपने प्रभाव को बनाया हुआ है उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में भी जैन समाज की बहुत बड़ी भूमिका है उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत योगदान अकेले जैन समाज का है जो अपने में आप में एक बड़ा उदाहरण है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में भी उद्योगों का माहौल बनाने में जैन समाज की बहुत बड़ी भूमिका है उन्होंने कहा कि सिर्फ राजस्थान ही नहीं बल्कि देश और दुनिया भर में जैन समाज के लोगों ने अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और प्रभाव की छाप छोड़ी है उन्होंने कहा कि शिक्षा चिकित्सा इंजीनियर वकालत कला संस्कृति हाई प्रोफाइल सर्विस उद्योग इत्यादि एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां पर जैन समाज के लोग नजर नहीं आते हो हर जगह हर क्षेत्र में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सफलता के झंडा गढ़ रहे हैं यह जैन समाज के लिए ही गौरव का विषय नहीं है बल्कि देश के लिए भी गौरव का विषय है उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी जैन समाज के लोग अलग-अलग क्षेत्र में देश और दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं और देश के कोने-कोने और दुनिया भर में रह रहे अपने समाज के लोगों को राजस्थान की माटी से जोड़े रखने में भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैं भारत के किसी भी राज्य में जाता हूं या फिर अब तक भारत से बाहर दुनिया के कई देशों में गया हूं वहां पर हर जगह मुझे जैन समाज के लोग अग्रिम पंक्ति में हर क्षेत्र में नजर आए जिन्हें देखकर मुझे काफी प्रसन्नता और गर्व महसूस होता है सदियों से सत्य, अहिंसा तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत पर अटल रहा जैन समाज : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैन समाज शुरू से ही सत्य, अहिंसा तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत पर चलता हुआ आ रहा है।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामैंनेई की मौत से भड़का चीन और कहा एक आजाद नेता की हत्या..

**जयपुर(कास)।** मिडिल ईस्ट में इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जंग जारी है इसराइली और अमेरिकी मिसाइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामैंनेई और कई अन्य प्रमुख नेताओं को मार डाला गया है जिसे दुनिया भर में तनाव और बढ़ गया है इस बीच ईरान के समर्थन में चीन उतर गया है गुस्से में चीन ने कहा है कि एक आजाद नेता की खुलेआम हत्या और सरकार बदलने के लिए उकसाना मंजूर नहीं हैअमेरिका और इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की मिलिट्री क्षमता को निशाना बनाते हुए अपने हमले शुरू किया इन हमलों में ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है वहीं उसने मिडल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी बेस को निशाना बनाना शुरू किया और दुबई कतर बहरीन सहित कई ठिकानों पर जमकर हमले किए चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को हमले पर चिंता जाहिर की और युद्ध विराम की डिमांड की सभी पक्षों से तनाव बढ़ने से बचने और बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया चीन ने कहा है कि ईरान की सॉवरेन्टी सिक्योरिटी और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी का सम्मान







## बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में जुट गई उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, आंगनबाड़ी केदो को लेकर बैठक आयोजित की

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र अभी जारी है लेकिन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य अपने-अपने विभागों में बजट की घोषणाओं की क्रियान्वयन के लिए जुटे हुए दिखाई दे रहे हैं जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया में युद्ध स्तर पर जुट गई है इसी क्रम में उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और उन्होंने अभी हाल ही में राजस्थान विधानसभा में पारित हुए बजट में आंगनबाड़ी केदो के विकास कार्यों के लिए जो बजट आवंटित किया गया है उन सभी घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी शुरू करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के पास वित्त मंत्रालय के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग जैसे बड़े विभागों की जिम्मेदारी भी है इसलिए बजट में अपने विभागों से जुड़ी जितनी भी घोषणाएं की गई है उन सभी घोषणाओं के समय पर पूरा करने के प्रयास में दिया कुमारी जोर शोर से जुट गई है इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश के आंगनवाड़ी केंटो पर संपादित होने वाले विभिन्न तरह के विकास कार्यों पर सबसे ज्यादा फोकस किया है आंगनबाड़ी केदो में पानी बिजली सफाई शौचालय और कई अन्य तरह की सुविधाओं के बारे में बजट में पैसा मंजूर किया गया है इसलिए दिया कुमारी ने विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केदो में बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए जल्दी से जल्दी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं दिया कुमारी ने बैठक में अधिकारियों से साफ कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए जितना पैसा मंजूर हुआ है उसमें एक-एक पैसे का सदुपयोग होना चाहिए तथा निर्माण कार्यों और अन्य सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए बैठक में दिया कुमारी ने अधिकारियों से साफ कहा है कि वे खुद मौके पर जाएं और अपनी आंखों से आंगनबाड़ी केदो में होने वाले विकास कार्यों को बारीकी से देखें जहां भी उन्हें गड़बड़ी और लापरवाही नजर आए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें जानकारी के अनुसार प्रदेश में महिलाओं और बालकों के कल्याण और विकास के लिए दिया कुमारी शुरू से ही काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर नजर आई है महिला होने के नाते दिया कुमारी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की समस्याओं के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं उन्हें यह पता है कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को किन-किन परेशानियों से सूचना पड़ता है यह परेशानियां परिजनों की ओर से भी होती है और समाज की ओर से भी खड़ी की जाती है इसलिए आंगनबाड़ी केदो में आने वाली महिलाओं को तमाम तरह की सुविधा मिले महिला ही नहीं बल्कि उनके छोटे बच्चों को भी आंगनबाड़ी केदो में तमाम तरह की आधारभूत सुविधाएं मिले ताकि आंगनबाड़ी केदो में महिलाओं और बच्चों को किसी भी तरह की सुविधा का सामना आंगनबाड़ी केदो में महिलाओं और बच्चों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़े इसीलिए उन्होंने आंगनबाड़ी केदो के बारे में बहुत पहले ही काफी गंभीरता से रिसर्च कर लिया था समय-समय पर दिया कुमारी ने पिछले 2 साल में प्रदेश के आंगनबाड़ी केदो की दशा सुधारने में अच्छा कार्य किया है जिसकी वजह से पिछले 2 साल में प्रदेश में आंगनबाड़ी केदो पर बड़ी संख्या में विकास कार्य भी संपादित किए गए जिसकी वजह से प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रअब नए लुक में नजर भी आने लगे हैं अभी हाल ही में आंगनबाड़ी केदो में पीने का पानी और अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में भी बजट में पैसा मंजूर किया गया है इसीलिए आने वाले दिनों में प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से नए लुक में नजर आ सकते हैं ।




## इजरायल ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस बैठक बुलाई, मिडिल ईस्ट में चरम पर तनाव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग पूरे मिडल ईस्ट में फैलने का खतरा बढ़ गया है इसी मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई है जानकारी के अनुसार अपने दो दिवसीय दौरे के बाद दिल्ली पहुंचने पर मोदी तुरंत यह बैठक आयोजित करेंगे इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इजरायल ईरान और अमेरिका के बीच चल रही जंग के ताजा घटनाक्रम और यूएई समेत मिडिल ईस्ट के तमाम देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी प्रधानमंत्री की यह बैठक इसलिए भी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि ईरान में बड़ी मात्रा में भारतीय छात्र और आम लोग मौजूद हैं इसके अलावा ईरान द्वारा किए जा रहे पलटवार से मिडल ईस्ट के तमाम देश प्रभावित हो रहे हैं पूरे क्षेत्र का एयर स्पेस बंद है जिसकी वजह से हजारों की संख्या में भारतीय लोग इन देशों में फंस गए हैं । गौर तलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान में जारी तनाव के बीच की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल की यात्रा पर गए थे यहां पर उन्होंने इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत पूरे विश्व के साथ इजरायल के साथ खड़ा हुआ है प्रधानमंत्री मोदी को इजरायली संसद में स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला था इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिफेंस कृषि ऊर्जा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान समेत 16 समझौते किए थे इसराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले में खामैनेई की मृत्यु हो गई है भारत ने इस हमले से बिगड़े क्षेत्रीय माहौल को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
02 मार्च, 2026


## होली के उपलक्ष्य में पुरजन विहार में आयोजित होगा पलाश उत्सव आज

### पलाश वृक्ष के उपयोग की दी जाएगी जानकारी, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत होली के उपलक्ष्य में पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में 2 मार्च को सांय 4 बजे से पलास उत्सव आयोजित होगा, जिसमें शहरवासियों और पर्यटकों के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव ने बताया कि उत्सव में आकर्षक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अलवर के पंच गौरव पर्यटक स्थल सरिस्का के प्राकृतिक स्थलों और वन्य जीवों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही वन विभाग द्वारा पलाश प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें पलाश वृक्ष के महत्व, संरक्षण और पलाश के उत्पादों हर्बल गुलाल की जानकारी दी जाएगी। वहीं सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक कलाकार भुंगर खान लंगा (बाड़मेर) अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे तथा मोरू सपेरा (जयपुर) अपनी पारंपरिक कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके साथ ही अलवर के स्थानीय लोक कलाकार भी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे, जिससे प्रदेश की लोक संस्कृति की विविधता और जीवंतता झलकेगी। इस आयोजन में राजीविका की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी रहेगी, जो अपने उत्पादों और पारंपरिक कला का प्रदर्शन करेंगी। इस उत्सव का उद्देश्य अलवर के समृद्ध प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, प्रदेश की लोक परंपराओं को एक मंच पर प्रस्तुत करना है।

## रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसहयोग, 348 यूनिट रक्त संग्रहित

### शारदा सामाजिक सेवा समिति द्वारा 13वां रक्तदान शिविर एवं होली मिलन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्री 108 बाबा फूलनाथ जी के सानिध्य में शारदा सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में 13वें विशाल रक्तदान शिविर एवं होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 348 यूनिट रक्तदान किया। समाजसेवी एवं युवा नेता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के शिविर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन समारोह आयोजित कर सामाजिक एकता, भाईचारे एवं सेवा भावना का संदेश भी दिया गया। शिविर में विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा, दीनदयाल ठेकेदार, विजेंद्र बोहरा, रामशरण गुरुजी, रामेश्वर पातालिया, बाबूलाल खोज, हनुमान सहाय जाखड़, जगदीश भोपाला, बृजमोहन, पूरण रैगर, योगेश बागड़ा, रामवतार तिवाड़ी, मुरलीधर पांडे सहित टीम राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे का माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन,

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान और आय के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष फरवरी माह में 2.863 मिलियन टन माल लदान किया, जो कि गत वर्ष के फरवरी 2025 में हुई 2.499 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 14.57 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी माह तक कुल माल लदान 27.382 मिलियन टन किया गया है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में यह 26.305 मिलियन टन था। अर्थात कुल माल लदान में 4.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। माल ढुलाई से प्राप्त आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। फरवरी 2026 में रेलवे ने माल भाड़ा से 363.5 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो फरवरी 2025 में अर्जित 306.45 करोड़ रुपये की तुलना में 18.62 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे पार माल लदान में यह निरंतर वृद्धि परिचालन दक्षता, बेहतर कार्य योजना, समयबद्ध सेवाओं तथा ग्राहक-केंद्रित कार्यशैली का परिणाम है। रेलवे द्वारा माल परिवहन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टीकाराम जूली के घर पहुंचे सचिन पायलट, बाबा बालक नाथ और कई अन्य राजनेता, जूली और उनके परिजनों को ढांढस दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की माता के निधन पर शोक प्रकट करने के लिए जूली के नीमराना तहसील के कथुवास स्थित पुश्तैनी आवास पर विभिन्न राजनीतिक दलों के राजनेताओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार बना हुआ है कांग्रेस बीजेपी और अन्य दलों के कई राजनेता उनके घर पहुंचे हैं और जूली की माता के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया इसी क्रम में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के विधायक सचिन पायलट तथा अलवर के पूर्व सांसद और भाजपा विधायक बाबा बालक नाथ पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर वेद प्रकाश सोलंकी शहीद कई अन्य नेता जूली के आवास पर पहुंचे पायलट ने जूली और उनके परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना प्रकट की इसी तरह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी राजस्थान चिरंजीव राव, सांसद संजना जाटव, पूर्व सांसद भरत सिंह विधायक रीटा चौधरी, रामस्वरूप वर्मा,गोपाल शर्मा, सुरेश मोदी, नरेंद्र बुडानिया, डीसी बैरवा, राम सहाय वर्मा, बालकनाथ, हंसराज पटेल, भगवानाराम सैनी, कांतिलाल मीणा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया , सुखराम विश्नोई, उदयलाल आंजना, राजेंद्र यादव,भंवर सिंह भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, लाखन मीणा, गंगा देवी, रामस्वरूप कसाना, गंगासहाय शर्मा, इंद्राज गुर्जर, वेदप्रकाश सोलंकी, राजेन्द्र गंडूरा, महिपाल यादव, रामहेत यादव और कई अन्य नेता काठुवास गांव पहुंचे और इन्होंने.शोक संतप्त परिवार को ढांढस ।

## मिलावटी घी की आशंका पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# थानागाजी क्षेत्र की कृष्णा डेरी से 700 किलो घी जब्त, दूषित मावा व रसगुल्ले नष्ट

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ. टी. शुभ मंगला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायत के आधार पर थानागाजी क्षेत्र के डेरा मोड़, बान्दरोल स्थित कृष्णा डेरी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान डेरी परिसर में तीन ड्रमों में करीब 340 किलोग्राम घी बिक्री हेतु रखा पाया गया। वहीं डेरी संचालक के खेत में बने मकान के पास लगभग 100 मीटर दूर एक छप्पर में लोहे के 24 पीपों में करीब 360 किलोग्राम घी संग्रहित मिला। घी में मिलावट की आशंका होने पर दोनों स्थानों से घी के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए तथा कुल लगभग 700 किलोग्राम घी को मौके पर ही जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान डेरी से दूध का एक नमूना भी जांच के लिए लिया गया। जांच में डेरी के डीप फ्रीजर में करीब 40 किलोग्राम पुराने एवं दुर्गंधयुक्त रसगुल्ले तथा लगभग 50 किलोग्राम दूषित मावा पाया गया, जिन्हें टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य लाइसेंस दुकान पर प्रदर्शित करने तथा खाद्य सामग्री को ढककर बिक्री करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसएआई) 2006 के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्व बंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा उपस्थित रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने होली के अवसर पर निकाले गए स्वांग कार्यक्रम शिरकत की

### होली के अवसर पर शहर में निकाला जाने वाला स्वांग लोक संस्कृति, लोक नाट्य और सामाजिक सद्भाव की मिसाल - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने होली के अवसर पर पहल सेवा संगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले स्वांग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कलाकारों का सम्मान कर स्वांग को बाजार के लिए रवाना किया।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने जिलेवासियों को रंगोत्सव होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नागौरी परंपरा से जुडा 150 वर्ष पुराना ऐतिहासिक और परंपरागत राजशाही नानकशाही सेठ-सेठानी का स्वांग होली से एक दिन पूर्व शहर के मुख्य बाजारों में निकाला जाता है। होली के उत्सव को लोक संस्कृति, लोक नाट्य और सामाजिक सद्भाव के माध्यम से मनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जो पहल सेवा संगठन द्वारा वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ प्रेम, एकता और सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करने का प्रतीक है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि लोक परंपराओं को जीवंत रखने वाले ऐसे आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संदेश को भी मजबूती प्रदान करते हैं। स्वांग काशीराम सर्किल से शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए कंपनी बाग पहुंचा जहां कलाकारों का वन राज्यमंत्री शर्मा ने स्वागत किया। वहीं उन्होंने मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पं. जले सिंह, सतीश यादव, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जितेंद्र, युवराज शर्मा, पहल सेवा संस्थान के अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, सहित प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने आईसीएआई ब्रांच अलवर द्वारा आयोजित 'टैक्स संवाद 2.0' कार्यक्रम में की शिरकत

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक टैक्स रिफॉर्म - वन राज्यमंत्री शर्मा






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) शाखा अलवर द्वारा कर जागरूकता और व्यवसायिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित टैक्स संवाद 2.0 कार्यक्रम में शिरकत की। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने संबोधन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत आर्थिक आधार देने के लिए टैक्स सिस्टम में कई ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और टैक्स व्यवस्था पहले से अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनी है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और डिजिटल टैक्स व्यवस्था ने व्यवसायों को सशक्त बनाया है, अनुपालन को आसान किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापारी और पेशेवर इन सुधारों का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिले के चहुंमुखी विकास के लिए बजटों में ऐतिहासिक सौगातें दी गई है। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा टैक्स ट्रैकिंग, स्मार्ट सक्सेशन प्लानिंग और जीएसटी से जुडे जमीनी स्तर के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की तथा जीएसटी संशोधन, रिटर्न फाइलिंग में आने वाली सामान्य त्रुटियों और कर नियोजन के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी और समाधान की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जतिन हरजाई, नितिन गुप्ता, नीरज गर्ग, अजय सिंघल, विशाल वाधवा, संजय झंवर, आकाश खंडेलवाल, अंशुल मोदी, हितेश सेतिया, सचिन गुप्ता, नितिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यापारी एवं अन्य पेशेवर लोग उपस्थित रहे।

## तिजारा में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का स्वागत, बजट घोषणाओं पर जताया आभार

### विधायक बालकनाथ योगी ने जनसुनवाई कर सुनी आमजन की समस्याएं



जयपुर टाइम्स



**तिजारा(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक महंत बालकनाथ योगी द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के तिजारा आगमन पर विधायक बालकनाथ योगी ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक ने तिजारा क्षेत्र के लिए राज्य बजट में की गई विकास संबंधी घोषणाओं पर उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी, टपूकड़ा एवं तिजारा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु बजट में लगभग 150 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है। भिवाड़ी की जलभराव समस्या का समाधान केंद्र एवं हरियाणा सरकार के सहयोग से किया जाएगा, जबकि तिजारा-टपूकड़ा क्षेत्र के लिए भी अलग से प्रावधान किया गया है। विधायक योगी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है तथा भविष्य में भी जनहित के कार्य प्राथमिकता के साथ जारी रहेंगे। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अब प्रदेश में विकास एवं सुशासन का नया दौर चल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## *अभय समाज कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए मनाया होली मिलन*

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** राजर्षि अभय समाज के विशाल प्रांगण में समाज के कलाकारों ने बड़ी ही श्रद्धा और प्रेम पूर्वक होली मिलन मनाया इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा करते हुए एवं तिलक लगाकर इत्र आदि छिड़क कर सौहार्द पूर्वक वातावरण में होली का त्योहार होली मिलन मनाया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, महानिदेशक मनोज कुमार गोयल एवं संगीत निर्देशक जितेंद्र गुप्ता सहित संस्था के सभी पदाधिकारी कलाकार सदस्य बाल कलाकार एवं स्वयंसेवकों ने होली मिलन में हिस्सा लेकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया जिस संस्था के जाने-माने कलाकार मुकेश सैनी ने अपने मधुर कंठ में गाया और इसी के साथ संस्था के संगीत निर्देशक जितेंद्र गुप्ता के निर्देशन में संस्था के होनहार कलाकारों कुमारी प्रियांशी कुमारी वेणी कुमारी मैत्री एवं हरि सेन और गिर्राज बॉबी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक नृत्यकों; की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया गायक कलाकारों में मुख्य मुकेश सैनी चीन में पाराशर नेहा शर्मा सुदेश मैडम और प्रेम सिंह राठौड़ रहे जिन्होंने अपने मधुर गायन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई मंच संचालन मोहित पंडित ने बहुत ही सुंदर ढंग से दर्शकों को प्रभावित करते हुए किया।

## कांस्टेबल ने पानी की होद में कूद आत्महत्या की, पिछली 11 फरवरी को ही नियुक्ति पत्र मिला था

**जयपुर** प्रदेश में बाड़मेर पुलिस लाइन में एक कांस्टेबल ने पानी की होद में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और मृतक कांस्टेबल विजय कुमार की बॉडी को कब्जे में किया है घटनास्थल का मौका मुआयना किया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है मृतक ने किस वजह से आत्महत्या की है इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई मृतक के पास किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है लेकिन मृतक ने पिछली 11 फरवरी को ही कांस्टेबल पद की जॉइनिंग की थी सिर्फ 18 दिन की नौकरी करने के बाद उसने यह आत्महत्या करने का बड़ा कदम उठाया इसलिए बाड़मेर पुलिस लाइन में तैनात अधिकारी और कर्मचारी सभी इस आत्महत्या की घटना को लेकर आश्चर्यचकित और दुखी है । पुलिस ने मृतक कांस्टेबल के परिजनों को सूचित कर दिया है परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ करके यह पता लगाया जाएगा कि मृतक किसी पारिवारिक वजह से तो परेशान नहीं था या फिर आत्महत्या करने की ऐसी कौन सी बड़ी वजह है जिसकी वजह से उसने खुद को मौत के हवाले किया जानकार लोगों का कहना है कि इस आत्महत्या प्रकरण में ऐसा बहुत कम चांस है जिसमें यह कहा जाए की मृतक ड्यूटी की वजह से या फिर मृतक पर विभाग में किसी की ओर से प्रेशर डाला जा रहा था ।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन ने मनाया फागोत्सव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से फाग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया ने बताया कि मातृशक्ति ने श्याम बाबा के सुमधुर भजनों और लोकगीतों के माध्यम से वातावरण को फाल्गुनी रंग में रंग दिया। युविका और नायशा ने राधा कृष्ण के स्वरूप में शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं ने एक दूसरे के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली और धमाल गायकी के साथ नृत्य कर आयोजन को परवान चढ़ाया। मंत्री सुमन मिरनका ने होली पर्व की लोक रीति पर चर्चा करते हुए कहा कि यह न केवल सामाजिक समता के विकास का पर्व है, बल्कि यह प्रकृति की आराधना का पर्व है। इस अवसर पर अनु तोदी, रितु गाड़ोदिया, किरण कंदोई, राखी तोदी, संजना जालान, सुमन जाजोदिया, रेनू तोदी, दीपा तोदी, सुमन खेतान, पायल सर्राफ, नीलिमा मंगलूनिया, सपना बेड़ियां, अंशु मोर, मोनिका शोभासरिया, हेमलता धनावत, निशा मनीष खेतान, पूजा अग्रवाल, मानसून पंसारी, राधिका खेतान, अंजू जालान, सपना बेड़िया, कविता खेतान, बिंदु फतेहपुरिया, सुनीता न्यामावाला, चंद्रकला तोदी, दीपिका मोर, संतोष खेतान, शिवानी खेतान आदि समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खेमाना गांव में खेल प्रतियोगिताए: महिला कबड्डी रही आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** निकटवर्ती गांव खेमाना में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में भगत सिंह फोर्स व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती की प्रांत महिला प्रमुख एडवोकेट गायत्री पूनिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि अनूप पुनिया रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट मुकेश आर्य व मोहन लाल झाड़सर उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जिसमें 26 टीमों ने भाग लिया विशेष आकर्षण महिला कबड्डी प्रतियोगिता रही, महिला कबड्डी में बेरासर छोटा की टीम 11 अंकों से विजेता रही, जबकि खेमाना गांव की टीम उपविजेता रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रेनू पुनिया को बेस्ट प्लेयर चुना गया। पुरुष कबड्डी में खेमाना 'ए' टीम विजेता तथा मूंदी गांव की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के दौरान बाप-बेटों की टीम ने भी एक ही मैदान पर खेलकर सभी का उत्साह बढ़ाया। 60 वर्ष से अधिक आयु की बबली पुनिया ने भी मैदान में अपना दमखम दिखाकर दर्शकों की सराहना बटोरी। अपने संबोधन में एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि कबड्डी में महिलाओं का ऐसा उत्साह पहली बार देखने को मिला है, जिससे मैदानों की रौनक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जब तक कबड्डी को ओलंपिक में स्थान नहीं मिलेगा, तब तक यह उनकी प्रमुख मांग रहेगी और इसमें महिलाओं की अहम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजकुमार पूनिया ने कहा कि असली प्रतिभा गांवों में ही रहती है यहां घुघट में महिलाओं ने कबड्डी खेली जो अपने आप में ही कला क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री जुगल किशोर पूनिया ने कहा मैदान पर तीन पीढ़ियों को एक साथ खेलते देखना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक दिनेश पुनिया, नीरू शर्मा (चिड़ावा) रामसिंग डूडी रहे। अन्य प्रतियोगिताओं में मटका दौड़ में बेरासर की कृष्णा प्रथम, कविता द्वितीय और दुर्गा तृतीय स्थान पर रही। महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में खेमाना गांव की टीम विजेता रही। प्रियंका निनाणियां ने बेलन फेंक प्रतियोगिता में 122 फीट लंबा थ्रो कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार खेमाना के श्योराम पुनिया की ओर से वितरित किए गए। कार्यक्रम में सुखवीर सहारण व सत्यवीर निनाणियां ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## चलो बुलावा आया है खाटू वाले ने बुलाया है....

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** सुभाष चौक के पास वार्ड 57 स्थित ओझा की गली में शुक्रवार रात्रि को श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से भव्य श्री श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में फूलों की होली सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने खाटू वाले तेरी महिमा अपरंपार......, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है......, चलो बुलावा आया है खाटू वाले ने बुलाया है सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर बाबा श्याम को रिझाया और वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिला-पुरुष झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बालाजी प्लॉट में फागोत्सव में थिरके रसिए

**चूरू(निस)।** स्थानीय भाईजी चौक के पास स्थित बालाजी प्लॉट में भव्य फागोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न लोक कलाकारों ने शानदार गींदड़ नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को झूमने पर मजबूर कर दिया।

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाऐं
अशोक मोदी
कॉन्ट्रेक्टर नगर विकास न्यास, अलवर
Mob.: 9783301770

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
ओमप्रकाश ढहलाबास
जिला पार्षद, अलवर
महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक
ब्लॉक उमरैण जिला- अलवर

Ronak Sonwal
TRADING COMPANY
Govt. & Civil Contractor & Building Material Supplier
Off.: Ridhi Sidhi Market, Govindgarh Mode, Ramgarh
Corr Add. F-180, Shikshak Colony, Khudanpuri Road, Alwar
Mob.: 8503853456, 9216231950
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Shiv Charan Sonwal
Rakesh Bairwa
Ajay Meerwal

चांसलर
द रॉयल चॉइस
Khane ko banaye Mmmmmmm
होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
Data GROUP
CHANCELLOR Vanaspati
CHANCELLOR Mustard Oil
CHANCELLOR Kachi Ghani
CHANCELLOR Refined Soyabean Oil
वनस्पति • सरसों तेल • कच्ची घानी सरसों का तेल • रिफाइन्ड सोयाबीन तेल
अन्य प्रसिद्ध ब्रांड : स्कूटर, ओलिगो कच्ची घानी सरसों का तेल, नीरज
Manufactured By:
Vijay Solvex Limited  Deepak Vegpro (P) Ltd.  VDSD Foods Private Limited
Corporate Office: Bhagwati Sadan, Swami Dayanand Marg, Alwar-301001
Follow us : fb.com/dataoils | Mail : info@dataoils.com | Visit : www.dataoils.com | Call Helpline :- 1800 18061 65

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील बोहरा
विधानसभा क्षेत्र थानागाजी

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाऐं
अलवर फल सब्जी मण्डी आढ़ती यूनियन
कैलाश सैनी अध्यक्ष
अभय सैनी संरक्षक
देवेन्द्र छाबड़ा संरक्षक
सौरभ कालरा महासचिव
पंकज सैनी सचिव
रोशन सैनी कोषाध्यक्ष

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाऐं
माया सुवालका
देवली उनियारा विधानसभा
प्रदेश सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान
प्रभारी – शाहपुरा विधानसभा (जयपुर ग्रामीण)
पूर्व सदस्य - राज. राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार
प्रदेश महिला अध्यक्ष - राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा (राज.)
राष्ट्रीय महिला महासचिव- अखिल भारतीय सर्ववर्गीय जायसवाल कलाल महासभा
पूर्व प्रदेश महासचिव राजस्थान कांग्रेस कमेटी (शिक्षा प्रकोष्ट)
पूर्व अध्यक्ष - बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) टोंक राजस्थान सरकार

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाऐं
लक्ष्मेश कुमार सिंह
प्रदेश अध्यक्ष: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (राज.)
अध्यक्ष: पूर्वांचल विकास सेवा समिति, अलवर (राज.)

खानचन्द चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट
की ओर से
आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं

aap AAM AADMI PARTY राजस्थान
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जगन्नाथ गोयल
जिलाध्यक्ष
आम आदमी पार्टी, राजस्थान

आप सभी को होली धूलण्डी व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सरोज यादव
प्रधान
पंचायत समिति बहरोड़, अलवर
बस्तीराम यादव
एडवोकेट
प्रधान प्रतिनिधि

आप सभी को होली धूलण्डी व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
BABA Thakur Das & Sons
KALAKAND SHOP
Since 1947
Punjabi & Anjeer Kalakand, Kalakand, Bengali & Dry Fruit Sweets
New Shop:- Shop No. 13, Hong Kong Bazar, Bhiwadi Mob. 9772727272
Ghanta Ghar Kalakand Market, Alwar
Ambedkar Nagar, Near Petrol Pump, Alwar
Near Hotel Rao, Apna Ghar Shalimar, Alwar
Ganpati Tower, Nangli Circle, Alwar
Near Jain Mandir, Sch. No. 10, Alwar
Signature Tower, Bhawani Top Circle, Alwar
Raja Park, (Near Hanuman Dhaba), Jaipur
Alwar - Bhiwadi Bypass Road Opp. Power House, Bhiwadi
Natni Ka Bara, Opp. Van Bagh Resort, Alwar
Ph.: 9214326100
E-mail: babakalakand@gmail.com | www.babathakurdaskalakand.com

आप सभी को होली धूलण्डी व भाईदूज
हाड़ा परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
शिवचरण हाड़ा
❖ राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा
❖ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ
❖ जनरल सेक्रेटरी, सेंट्रल रेवेनुए (इनकम टैक्स) रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन, राजस्थान, जयपुर
❖ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सहस्त्रार्जुन बल भद्र मंदिर समिति कलकत्ता
❖ अध्यक्ष कैलाश मानसरोवर यात्री संस्था राजस्थान ❖ संरक्षक अखिल भारतीय हैहय कलचुरी महासभा भोपाल
❖ पूर्व आयकर अधिकारी, वरिष्ठ समाज सेवी ❖ अध्यक्ष अहलूवालिया समाज राजस्थान


आप सभी को होली धूलण्डी भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाऐं
अशोक सिंघानिया
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष – अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन
जिलाध्यक्ष – अलवर जिला वैश्य महासम्मेलन
मुख्य संरक्षक – अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन
मुख्य संरक्षक – श्री अग्रवाल सभा संस्थान, खैरथल
पूर्व जिलाध्यक्ष – अलवर जिला अग्रवाल संस्थान
संस्थापक सदस्य – चन्द्रप्रभु वाटिका कल्याण समिति, अलवर
ट्रस्टी – श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति, दिल्ली
अध्यक्ष – क्रिकेटर्स क्लब, अलवर

## सम्पादकीय

### राजनीति, गिरफ्तारी और फिर बरी, शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है। गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे। सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआइ के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान ईडी और सीबीआइ पर किसी खास मंशा से ग्रस्त होकर या अप्रत्यक्ष रूप से किसी के इशारे पर काम करने के आरोप कई बार लगे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इन एजंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार सख्त टिप्पणियां करनी पड़ीं। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा था कि ये एजंसियां गवाहों से लेकर आरोपियों तक के मामले में भेदभावकारी नीति अपनाती हैं। मगर हैरानी की बात है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाने के बावजूद ईडी और सीबीआइ के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि ईडी की ओर से जितने भी मामले दर्ज किए जाते है



## कहानी

### अर्पण का महत्त्व !

बालमित्रो, प.पू. टेंबेस्वामीजी बहुत बडे संत थे । उनका नाम वासुदेव था । उनके पिताजी का नाम गणेशभट्ट और माताजी का नाम रमाबाई था । महाराष्ट्र में नृसिंहवाडी दत्तात्रय देवालय एक प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र है । इस क्षेत्र में आने के बाद श्री टेंबेस्वामीजी वासुदेवानंद सरस्वतीजी के नाम से पहचाने जाने लगे । आज हम टेंबेस्वामीजी की यह कथा सुनते हैं । यह उस समय की बात है जब श्री टेंबेस्वामीजी नृसिंहवाडी में थे । गांव में रामदास नाम का एक दर्जी रहता था । रामदास बहुत अच्छा कारीगर था, परंतु कोई भी उसके यहां कपडे सिलवाने के लिए नहीं आता था । कई बार ऐसे भी होता था कि कोई ग्राहक उसके दुकान की सीढी तक आता था और वहीं से वापस लौट जाता था । रामदास समझ नहीं पा रहा था कि ऐसा क्यों होता है  मैंने किसी का क्या बिगाडा है जो कोई भी मुझसे कपडे नहीं सिलवाना चाहता । यह सोचकर उसका मन दुखी हो जाता था । दुकान में कोई कपडे सिलवाने के लिए नहीं आता था, इसलिए उसे घर चलाना कठिन हो रहा था । काम न मिलने के कारण धीरे-धीरे उसके पैसे भी कम होते जा रहे थे । उसपर कुछ उपाय भी नहीं सूझ रहा था । एक दिन रामदास टेंबेस्वामीजी के दर्शन करने के लिए गया । उसने स्वामीजी को बताया कि वह अच्छे कपडे सिलता है, परंतु कोई उससे कपडे सिलवाने नहीं आता तथा इस कारण उसका घर चलना कठिन हो रहा है । स्वामीजी उसकी पूरी बात आंखे बंद कर सुन रहे थे । रामदास का कहना पूरा होने के बाद स्वामीजी ने कहा, 'रामदास, तुम मुझे सौ मुद्राएं अर्पण करो ।' स्वामीजी के मुख से यह बात सुनकर रामदास चकित हो गया । उस समय सौ मुद्राओं का मूल्य बहुत था । रामदास सोचने लगा कि मेरे पास काम नहीं है, घर चलाना कठिन है इसलिए मैं उपाय पूछने आया हूं । अब स्वामीजी को इतना धन कहां से लाकर दूं  स्वामीजी को अर्पण की क्या आवश्यकता है  वे मुझे उपाय न बताकर मुझसे ही धन मांग रहे हैं । यह बडी दुविधा का समय है । रामदास ने स्वामीजी से नम्रता से कहा, 'स्वामीजी, मेरी दुकान नहीं चलती, मेरे पास धन भी नहीं बचा है तो मैं इतना धन कहांसे लाऊंगा  स्वामीजी ने अत्यंत शान्त आवाज में कहा, 'रामदास, तुम गांव में जाकर सौ मुद्राएं इकट्ठा करो । चिंता ना करो, तुम्हें मुद्राएं मिलेंगी । वह धन तुम मुझे अर्पण करना । तुम्हारी सारी समस्याएं दूर हो जाएंगी ।' स्वामीजी के वचन पर श्रद्धा रखकर रामदास सौ मुद्राएं एकत्रित करने चला गया । शामतक उसने जिनसे सहायता मांगी, उन सभीने उसे पैसे दे दिए । अब रामदास के पास सौ मुद्राएं एकत्रित हो गई थीं । उसे बहुत आश्चर्य हुआ, क्योंकि इससे पहले जब वह किसी से सहायता मांगता था, तब सब लोग उसे टाल देते थे और कोई उसकी सहायता नहीं करता था । आज ऐसा क्या हुआ कि सभीने सहायता की  उसी आनंद में वह स्वामीजी के पास गया । उसे देखकर स्वामीजी बोले, 'क्यों रामदास, आज सभीने धन दे दिया है न ' रामदास ने कहा, 'हां स्वामीजी, इतना धन मैं एक दिन में जुटा पाया, यह तो जैसे चमत्कार ही हो गया ।' स्वामीजी को नमस्कार कर रामदास ने वह मुद्राएं स्वामीजी के चरणों में रख दीं । स्वामीजी बोले, 'रामदास कल से तुम्हारी दुकान में इतना काम आएगा कि तुम्हें पूरा दिन भी कम पडेगा ।' वैसा ही हुआ और रामदास की दुकान पर इतनी भीड रहने लगी की उसे पूरा दिन भी कम पडने लगा । एक दिन समय निकालकर रामदास स्वामीजी के दर्शन के लिए गया । उसने पूछा, 'स्वामीजी, आपने सौ मुद्राएं लेकर ऐसा क्या किया कि मेरी सारी चिंताएं दूर हो गई ।' स्वामीजी ने कहा, 'रामदास तुमने पिछले जनम में अपने एक मित्र से सौ मुद्राएं ली थीं । वे मुद्राएं तुमने उसे वापस नहीं की थी ।

# कठघरे में खड़ीं जांच एजेंसियां




इस मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी दखल दिया, लेकिन सीबीआई का केस खारिज होने के बाद ईडी के मामले के भी खारिज होने के आसार हैं। इन दोनों जांच एजेंसियों ने इस कथित घोटाले को लेकर पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए और फिर एक के बाद एक कई लोगों को गिरफ्तार किया। प्रमुख लोगों में पहले मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए और फिर अरविंद केजरीवाल। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकी। हालांकि सीबीआई केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट गई है, पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने उसके खिलाफ जैसी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह संदेह होता है कि कहीं सीबीआई ने मनमाने तरीके से तो जांच नहीं की? यही ध्यान रहे कि न जाने कितने ऐसे मामले हैं, जिनमें सीबीआई प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत मिली शक्तियों के सहारे नेताओं, कारोबारियों समेत अन्य अनेक लोगों को घपले-घोटालों के आरोप में गिरफ्तार कर लेती हैं और फिर उनमें से अधिकांश साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं, लेकिन जब तक ऐसा होता है, तब तक संबंधित व्यक्ति

दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में सीबीआई की राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपितों को बरी किया जाना जहां इन दोनों नेताओं और उनकी पार्टी के लिए एक बहुत बड़ी जीत है, वहीं जांच एजेंसी के साथ-साथ भाजपा के लिए बड़ा झटका है।

अदालत ने यह पाया कि पूरे मामले में कोई साजिश नहीं थी और सीबीआई ने केवल अनुमान के आधार पर षड्यंत्र की कहानी गढ़ी। विशेष जज ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मैं पहली बार ऐसी चार्जशीट देख रहा हूं, जिसमें इतनी अधिक खामियां हैं। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही।

जब केजरवाल सरकार नई आबकारी नीति लाई थी तो कांग्रेस-भाजपा ने इसे घोटाले का नाम दिया। इसके बाद उपराज्यपाल की पहल पर मामला दर्ज हुआ और जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस दौरान ऐसे आरोप उछले कि आबकारी नीति के जरिये कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने से दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

इस मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी दखल दिया, लेकिन सीबीआई का केस खारिज होने के बाद ईडी के मामले के भी खारिज होने के आसार हैं। इन दोनों जांच एजेंसियों ने इस कथित घोटाले को लेकर पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए और फिर एक के बाद एक कई लोगों को गिरफ्तार किया। प्रमुख लोगों में पहले मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए और फिर अरविंद केजरीवाल। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकी।

हालांकि सीबीआई केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट गई है, पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने उसके खिलाफ जैसी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह संदेह होता है कि कहीं सीबीआई ने मनमाने तरीके से तो जांच नहीं की? यही सवाल ईडी को लेकर भी है। ध्यान रहे कि न जाने कितने ऐसे मामले हैं, जिनमें सीबीआई प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मिली शक्तियों के सहारे नेताओं, कारोबारियों समेत अन्य अनेक लोगों को घपले-घोटालों के आरोप में गिरफ्तार कर लेती है और फिर उनमें से अधिकांश साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं, लेकिन जब तक ऐसा होता है, तब तक संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर आंच आ चुकी होती है और उसकी भरपाई नहीं हो पाती।

इसीलिए राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने कहा कि जब किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित हो जाती है तो उसके बरी होने के बाद भी वह सार्थक रूप से बहाल नहीं होती और अन्यायपूर्ण हिरासत से हुई क्षति की पूर्ति भी नहीं हो पाती। वास्तव में ऐसे लोगों को आर्थिक के साथ सामाजिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। नेता भी नुकसान उठाते हैं, लेकिन बरी होने के बाद वे लोगों की हमदर्दी हासिल कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करते हैं। उन्हें यह प्रचारित करने में आसानी होती है कि वे राजनीतिक बदले की कार्रवाई का शिकार हुए। इस पर हैरानी नहीं कि केजरीवाल ने ऐसा कहना शुरू कर दिया है। उन्हें नई राजनीतिक ऊर्जा मिली है और इसका असर आने वाले दिनों में पंजाब, गुजरात और दिल्ली की राजनीति में दिख सकता है। चूंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट में सेंधमारी करती है, इसलिए उसका चिंतित होना स्वाभाविक है। अब यह आम बात है कि घपले-घोटालों के कई मामलों में सीबीआई के साथ ईडी भी जांच शुरू कर देती है। जब ईडी किसी को गिरफ्तार करती है तो उसे जमानत मिलना कठिन हो जाता है। कई बार जमानत इसलिए नहीं मिलती, क्योंकि सीबीआई और ईडी की ओर से इस पर जोर दिया जाता है कि जेल से बाहर आने पर आरोपित गवाहों को प्रभावित कर सकता है। कहना कठिन है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट गई सीबीआई को क्या हासिल होगा, लेकिन जब तक हाई कोर्ट भिन्न निर्णय नहीं देता, तब तक भाजपा एवं मोदी सरकार को केजरीवाल और उनके साथियों की आलोचना का सामना करना होगा। इसी के साथ सीबीआई और ईडी की भी किरकिरी होती रहेगी। आगे जो भी हो, यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि नेताओं के मामलों में राजनीतिक द्वेष के तहत भी कार्रवाई होती है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग होता है। इसी कारण एक बार सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे का तोता कहा था। एक ओर नेताओं-नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच सीबीआई या ईडी की ओर से की जाती है, उनमें से अधिकांश अदालत में ठहर नहीं पाते और दूसरी ओर यह देखने में आ रहा है कि उनके भ्रष्टाचार के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यह समझना कठिन है कि जब सीबीआई अथवा ईडी किसी को गिरफ्तार करती हैं तो जो अदालतें उसे जेल भेजती हैं

# अंधों की तरह धर्म को मानने वाले बनते हैं आतंकी

धर्म एक सच्चाई है, धार्मिक किताब सच्चाई है। धार्मिक किताब खुद ईश्वर ने लिखी तो जो कुछ भी उसमें लिखा है, उसे आंख बंद कर करना चाहिए। कोई सवाल नहीं, सिर्फ मान लीजिए। परिणाम के तौर पर, उन्होंने शुरुआत से आखिरी तक किताब में जो कुछ भी लिखा है, उस पर भरोसा कर लिया। (बिना उससे जुड़ी बातों को समझे) उन्होंने प्राचीन काल में लिखी गई किताब को समकालीन चश्मे से देखने की कोशिश नहीं की। अगर किताब ने कहा कि उसमें भरोसा ना रखने वालों को मार देना चाहिए, तो उन्होंने सिर्फ यही समझा कि भरोसा ना रखने वालों को मार देना चाहिए, उन्होंने किसी और मतलब को समझने की कोशिश नहीं की। धर्म द्वारा अंधे किए गए समाज में, जन्म से ही ब्रेनवॉशिंग शुरू हो जाती है। ये लोग जन्म से ही घरों में, स्कूलों में, कॉलेजों में, खेल के मैदान पर, ट्रेंस में, बसों में, टीवी पर, रेडिया पर, फिल्मों

पिछले हफ्ते, मुझे फिर से जान से मारने की धमकी मिली। यह धमकी केरल के एक ISIS-ओरिएंटेड आतंकियों के समूह, अंसार खिलाफा की तरफ से आई थी। अगर किसी ग्रुप के नाम के साथ ISIS जुड़ा होता है तो मैं यह मान लेती हूं कि वे मार-काट में दक्ष होंगे। मैं कभी-कभी अपनी गर्दन छूती हूं, सिर के पीछे हाथ भी ले जाती हूं, यह समझने के लिए कि उस वक्त मुझे कैसा लगेगा जब वे मेरी पीठ में चाकू घोंप देंगे, या मुझे काट डालेंगे। शायद यह बेहतर होगा कि वह मुझे सिर में गोली मार दे। मैंने जिंदगी में बहुत कुछ सहा है, मौत के वक्त और नहीं सहना चाहती। मौत तुरंत आनी चाहिए। लेकिन क्या वे मेरी बात सुनेंगे मैं उनके आगे जिंदगी की भीख मांगती खुद को नहीं देख सकती। ढाका में आतंकी जो चाहते थे, वह उन्हें मिल गया। वे दुनिया को हिलाना चाहते थे, उन्होंने कर दिखाया। वे गैर-मुस्लिमों को मारकर पुण्य कमाना चाहते थे, शायद वे उसमें भी सफल रहे। कैसे वे इतने सारे लोगों, इतने जवान लड़के-लड़कियों को मार पाए उन्होंने पहले कभी किसी को नहीं मारा था, कैसे वे एक-दो नहीं, बल्कि 20 लोगों को मार सके असल में, विश्वास लोगों से कई सारे असंभव काम करवा जाता है। मैं नहीं जानती कि इन आतंकवादियों का ब्रेनवॉश किसने किया, लेकिन इनके दिमाग में जो भी भरा गया था, उसपर इन्होंने बिना किसी सवाल के विश्वास कर लिया। काफी कुछ चेचेन्या के दो बॉस्टन बॉम्बर्स भाइयों की तरह, जो दिखते तो स्मार्ट थे, मगर बुद्धि और तर्क की क्षमता उनके पास नहीं थी। धर्म एक सच्चाई है, धामिर्क किताब सच्चाई है। धार्मिक किताब खुद ईश्वर ने लिखी तो जो कुछ भी उसमें लिखा है, उसे आंख बंद कर करना चाहिए। कोई सवाल नहीं, सिर्फ मान लीजिए। परिणाम के तौर पर, उन्होंने शुरुआत से आखिरी तक किताब में जो कुछ भी लिखा है, उस पर भरोसा कर लिया। (बिना उससे जुड़ी बातों को समझे) उन्होंने प्राचीन काल में लिखी गई किताब को समकालीन चश्मे से देखने की कोशिश नहीं की।



अगर किताब ने कहा कि उसमें भरोसा ना रखने वालों को मार देना चाहिए, तो उन्होंने सिर्फ यही समझा कि भरोसा ना रखने वालों को मार देना चाहिए, उन्होंने किसी और मतलब को समझने की कोशिश नहीं की। धर्म द्वारा अंधे किए गए समाज में, जन्म से ही ब्रेनवॉशिंग शुरू हो जाती है। ये लोग जन्म से ही घरों में, स्कूलों में, कॉलेजों में, खेल के मैदान पर, ट्रेंस में, बसों में, टीवी पर, रेडिया पर, फिल्मों में और नाटकों में अपने धर्म की तारीफ सुनकर बड़े हुए हैं। उन्हें बताया गया है कि धर्म का पालन आपको स्वर्ग ले जाता है और अगर आप धर्म का पालन नहीं करते, आपको नर्क में भयंकर सजा भुगतनी पड़ती है। उन्हें बताया गया है कि उनकी धार्मिक किताब ही दुनिया भर की समस्याओं का हल है, धर्म ज्ञान है, धर्म विज्ञान है और धर्म शांति है। अगर आप किसी चीज के बारे में हर समय सुनते रहते हैं, तो यह आपके दिमाग का हिस्सा बन जाता है। बेस तैयार है, आप आसानी से उसपर विश्वास का महल बना सकते हैं। इंसान विज्ञान की लगातार रिसर्च और जटिल गणितीय समीकरणों के मुकाबले धर्म के आसान हलों को हमेशा चुनता आया है। धर्म, इसलिए सभी को आकर्षित करता है- अनपढ़ दैनिक मजदूरी करने वाले से लेकर विश्वविद्यालय के रिसर्चर्स तक। क्योंकि विज्ञान को समझना धर्म को समझने से आसान नहीं है। आतंकवादी लंबे समय से नास्तिकों, सेक्युलरों, तर्कवादी ब्लॉग-लेखकों, होमोसेक्सुअल्स, विकासवादी छात्रों और शिक्षकों, हिंदुओं, बौद्ध और ईसाइयों को मारते रहे हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कभी भी ऐसी मौतों पर अफसोस नहीं जताया। उन्होंने हत्यारों को देश से सुरक्षित जाने दिया। उन्होंने किसी भी हत्यारे के साथ न्याय नहीं किया, उन्होंने किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया। उन्होंने किसी को सजा नहीं दी। इसके उलट, उन्होंने नास्तिक ब्लॉगर्स को सजा दी। वह आजाद ख्यालों के खिलाफ बोलती रही हैं। उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने के लिए कदम उठाए हैं

# एक नई जंग, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

अमेरिका जिस तरह बीते कुछ दिनों से ईरान को चेतावनी देने के साथ ही उसकी घेरेबंदी कर रहा था, उससे ऐसा लगता था कि उसका उद्देश्य उससे वार्ता कर उसे इसके लिए बाध्य करना भर है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम का परित्याग कर दे, लेकिन उससे बातचीत के बीच ही उसने इजरायल संग उस पर हमला बोल दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। उसका साथ देने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और



यमन के हाउती भी आगे आ गए हैं। इसका परिणाम ईरान पर इजरायल एवं अमेरिका के हमले और तेज होने के रूप में ही सामने आएगा। इससे आपसी मतभेदों के दौर से गुजर रहे अरब जगत के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अस्थिर तो होगा ही, तेल के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही विश्व शांति के लिए और गहरा संकट पैदा हो सकता है। इसलिए और भी, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जनता से अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा है कि लक्ष्य पूरा होने तक अमेरिका रुकेगा नहीं। ट्रंप का लक्ष्य केवल ईरान के परमाणु हथियार बनाने वाले तंत्र को ध्वस्त करना ही नहीं, बल्कि वहां सत्ता परिवर्तन करना भी है। इसीलिए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के आवास पर भी हमले किए गए। यह जंग ऐसे समय शुरू हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल बाद भी जारी है और पिछले दिनों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी युद्ध छिड़ गया। इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य संघर्ष कहीं अधिक व्यापक असर वाला हो सकता है। इससे भारत भी प्रभावित होगा।

# महिला सुरक्षा की ओर तकनीक आधारित बड़ा कदम

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस की अभिनव पहल

### सार्वजनिक परिवहन में अब एक स्कैन पर मिलेगी पुलिस सहायता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** आगामी 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण और तकनीक आधारित पहल की शुरुआत की है।




पहल के तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशा के अनुरूप प्रदेशभर में सार्वजनिक परिवहन साधनों—बस, ऑटो एवं टैक्सी—में 'राजकॉप सिटीजन एप' के क्यूआर कोड युक्त पोस्टर व स्टीकर चिपकाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात पुलिसकर्मियों की ओर से बसों, ऑटो और टैक्सियों पर क्यूआर कोड वाले पोस्टर व्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे हैं।

### एक स्कैन... और सीधे पुलिस से संपर्कः

सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रही छात्राएं, कामकाजी महिलाएं अथवा अन्य महिला यात्री अपने स्मार्टफोन से वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे 'राजकॉप सिटीजन एप' डाउनलोड कर सकती हैं। इस एप में उपलब्ध 'हृद्धस्र ॥द्वद्यश्च' फीचर विशेष रूप से संकट की स्थिति को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। आपातकालीन परिस्थिति में एक क्लिक पर महिला की लोकेशन सीधे पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है, जिससे त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके।

### तकनीक से मजबूत होगा भरोसाः

राजस्थान पुलिस की यह पहल महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। सार्वजनिक परिवहन में क्यूआर कोड प्रदर्शित होने से छात्राओं व कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा का भाव और विश्वास बढ़ेगा। यह अभियान तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महिला दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह पहल न केवल जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ यात्रा करने का सशक्त माध्यम भी प्रदान करेगी।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयासः

राजस्थान पुलिस का यह प्रयास दर्शाता है कि महिला सुरक्षा केवल प्राथमिकता ही नहीं, बल्कि सतत मिशन है। समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण तभी संभव है जब सुरक्षा व्यवस्था आधुनिक तकनीक से लैस होकर आमजन तक सहज रूप से उपलब्ध हो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू की गई यह पहल प्रदेश में महिला सुरक्षा के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

## आप के नेता निर्दोष, इसलिए हुए बरीः प्रजापति

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के पवन कुमार प्रजापति एडवोकेट पूर्व विधायक प्रत्याशी व प्रदेश सह प्रभारी आरटीआई व मानवाधिकार आयोग राजस्थान ने बताया कि सत्य की जीत हुई। दिल्ली की राऊज एवन्यू कोर्ट में कहा कि मामले में पर्याप्त सबूत नहीं है जिनके आधार पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया व आदि को न्यायालय ने बरी कर दिया गया। भाजपा के बनाए फर्जी शराब घोटाले की कोर्ट ने सच्चाई बता दी। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए आजाद भारत का सबसे बड़ा षड्यंत्र रचा। लेकिन कोर्ट में साबित हो गया कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं, मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार हैं और आप कट्टर ईमानदार पार्टी है। न्यायालय ने यह साबित कर दिया सत्यमेव जयते हमेशा सत्य की जीत होती है जिससे राजस्थान के सभी कार्यकर्ता हर जिले में ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं।

## नेशनल हाइवे की टूटी डिवाइडर रैलिंग बनी परेशानी का सबब



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां कस्बे में जीटी रोड स्थित डिवाइडर रैलिंग से वाहन टकरा जाने के कारण काफी समय से टूटी पड़ी है। एक हिस्सा सड़क पर कई दिनों से टूटा पड़ा था जिसे नजदीकी दुकानदारों की ओर से वहां से हटा दिया गया है। जिसके कारण यहां से निकलने वाले दुपहिया व चार पहिया वाहन चालक कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एनएचएआई किसी हादसे के इंतजार में है। नगर पालिका क्षेत्र मनियां के मांगरोल चौराहे के सामने टूटी पड़ी डिवाइडर रैलिंग के कारण यहां घण्टों भर जाम लगा रहता है जिसके चलते कभी भी हादसा हो सकता है। बड़े वाहन चालकों को टूटे पड़े डिवाइडर रैलिंग की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रेलिंग के टूटे वाले हिस्से से होकर निकलने वाले मोटरसाइकिल चालक की वजह से बड़े वाहन व ट्रक चालकों को अचानक लगाना पड़ता है जिसके कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। आसपास के स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कई बार एनएचएआई की हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को टोल फ्री नंबर पर सूचित कर दिया गया, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। टूटे पड़े रेलिंग से अचानक कोई मोटरसाइकिल चालक व चार पहिया वाहन चालक निकालते रहते हैं, जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। और कहा वाहन चालक के सामने अचानक सड़क पर टूटी पड़ी रैलिंग देखकर हड़बड़ाहट में वाहन को मोड़ना पड़ जाता है। ऐसे में पीछे से आने वाला वाहन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। नेशनल हाइवे से अनेक जिला स्तरीय अधिकारी और पालिका के जिम्मेदार निकलते रहते हैं, लेकिन अब तक संज्ञान नहीं लिया गया है, जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है।

## ट्रकों की भिड़ंत में वाहन चालक घायल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर रविवार दोपहर को मींगना के पास दो ट्रको की जबरदस्त भिड़ंत में एक ट्रक चालक केबिन मे ही फंस गया, जिसको आसपास के लोगो ने बाहर निकाला। पास के ही दिनेश प्रजापत, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत की सहायता से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी मे पहुँचाकर इलाज शुरू कराया। ट्रक चालक महावीर पुत्र अभय राम उम्र 41 वर्ष निवासी गढ़ी उजाले खान 39, सोनीपत हरियाणा का निवासी था। स्थिति गंभीर होने तथा कोई भी परिजन साथ नहीं होने के कारण श्याम स्वर्णकार सीकर गए तथा अस्पताल मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। सूचना पर सदर थाना पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल रामसिंह मौके पर पहुंचे और वाहनों को साइड मे कराकर यातायात सुचारु करवाया।

## 78 वां अणुव्रत स्थापना दिवस मनाया

**बीदासर(निस)।** कस्बे के थान स्थान में रविवार को अणुव्रत समिति के तत्वावधान में 78वां अणुव्रत स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित लोगों की ओर से अणुव्रत ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात महिला मंडल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया तथा समिति अध्यक्ष दानमल बांठिया ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम अणुव्रत आचार संहिता का वाचन व शपथ समिति मंत्री नवल किशोर मीणा ने उपस्थित सभी को दिलवाई। इसके बाद सामूहिक अणुव्रत गीत का संगान हुआ। तेरापंथ सभा के मंत्री हनुमानमल सेठिया, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बोथरा, ज्ञानशाला से भावना दूगड़, कन्या मंडल से दिव्या दूगड़ व साध्वी रामवती ने अणुव्रत विषय पर अपने विचार रखते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीदासर समाधि केंद्र की व्यवस्थापिका साध्वी मंजू यशा ने अणुव्रत को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे जीवन में अपनाने का संदेश दिया और मंगल पाठ सुनाया। कार्यक्रम का सशक्त संयोजन साध्वी चिन्मय प्रभा ने किया। समारोह में 5 वार्षिक सदस्य अणुव्रत पत्रिका एवं 1 वार्षिक सदस्य 'बच्चों का देश' बनाए गए। अंत में मंत्री नवल किशोर मीणा ने उपस्थितजनों से अणुव्रत पत्रिका का सदस्य बनने की अपील की। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआँ

## होली-ईद के संगम से गुलजार मकरानाः चारभुजा रोड से सदर बाजार तक उमड़ी खरीददारों की भीड़

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** होली और ईद के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में इन दिनों खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चारभुजा रोड से लेकर सदर बाजार तक रविवार को खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क पर पैदल चलने वालों और वाहनों की बढ़ती आवाजाही के चलते पूरा बाजार क्षेत्र रौनक से भरा नजर आया। दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं व्यापारी वर्ग भी अच्छी बिक्री से उत्साहित दिखाई दिया।

शहर के सदर बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों में इस बार दोनों बड़े त्योहारों के एक साथ आने से रौनक दोगुनी हो गई है। व्यापार मंडल की ओर से बाजारों में व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से की गई हैं, जिससे खरीदारी करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सदर बाजार में दुकानों को आकर्षक लाइटिंग, रंग-बिरंगी सजावट एवं पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया है। कपड़ों की दुकानों पर ईद की खरीदारी के लिए विशेष कलेक्शन उपलब्ध हैं, वहीं होली के लिए पिचकारियां, रंग-बिरंगे गुलाल और अबीर की भरपूर बिक्री हो रही है। दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर व आकर्षक डिस्प्ले भी लगा रहे हैं। त्योहारों के मद्देनजर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद व ट्रैफिक पुलिस की भूमिका सराहनीय रही है। सदर बाजार सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से ही व्यवस्थित कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने से त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। बाजारों में पारंपरिक सजावट





राजस्थान की पारंपरिक झलक के साथ बाजारों में पिचकारियां, हर्बल रंग, गुलाल व राजस्थानी टोपियां सजी हुई हैं। बच्चों व युवाओं के लिए आकर्षक डिजाइन की पिचकारियां विशेष रूप से उपलब्ध हैं। कई दुकानों ने थीम आधारित सजावट की है, जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मिठाई की दुकानों पर भी खास रौनक देखने को मिल रही है। घेवर, गुजिया व मावा कचौरी जैसी पारंपरिक मिठाइयों को सुंदर ढंग से सजाकर रखा गया है। दुकानदार ताजगी व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रख रहे हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन स्वाद मिल सके। कुल मिलाकर मकराना के बाजारों में होली एवं ईद को लेकर जबरदस्त उत्साह है। व्यापारी अच्छे व्यापार की उम्मीद जता रहे हैं, वहीं शहरवासी पूरे जोश व उल्लास के साथ त्योहारों की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## ग्रामीणों ने सड़क स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों की ओर से सड़क स्वीकृति पर माला और साफा पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। गौरतलब है कि राजस्थान वित्त व विनियोग विधेयक 2026 पर सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़कों के निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। भूतेड़ा, गुडलिया और गोविंदगढ़ में सड़क स्वीकृति पर ग्रामीणों ने कार्यालय पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सड़क से किशनमानपुरा, किशनमानपुरा सड़क से नेतडो की ढाणी तक, स्टेडियम से स्टेशन रोड गोविन्दगढ़, किरत सिंह का बास से लक्ष्मीनारायण के मकान तक, हीरा का बास से खेता की ढाणी तक, भूतेड़ा सड़क से कमलेश एपीपी के मकान तक सड़क स्वीकृत की गई हैं। पूर्व विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया और ग्रामवासियों का स्वागत सम्मान के लिए आभार जताया। इस अवसर पर



मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रशासक गोरीशंकर नेतड़, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, सीताराम कुमावत, श्रवण बागवान, रामावतार राजोरिया, मोहन कुमावत, सुभाष धीजपुरिया, सुरेश कुमावत, गोपाल लाल कुमावत, कैलाश कुमावत, अर्जुन लाल मूर्तिकार, ब्राह्मण महासभा इकाई अध्यक्ष गोविंदगढ़ महेश बोहरा, केशव सोती, मुकेश शर्मा, दीपक बोहरा, भगवान सहाय कुमावत, राधेश्याम बधाला, पवन चोपड़ा, त्रिलोक लॉचिब, सरदार जाखड़, भंवर लाल देवंदा सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर शव का वीडियो वायरल करने का आरोपः मृतक को नशेड़ी बताने पर कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**जोबनेर(निस)।।** मुंडोता घाटी क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में मिले एक युवक के शव का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने तथा बिना पुलिस अनुसंधान व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मृतक को नशे का आरोपी बताने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 फरवरी 2026 को ग्राम कुड़ियों का बास निवासी मनीष कुमार (पुत्र कानाराम) का शव मुंडोता घाटी परिक्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में मिला था। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच, पोस्टमार्टम एवं एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही संभव है, लेकिन इससे पहले ही एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शव का वीडियो अपलोड कर दिया गया। शिकायतकर्ता शिशपाल कुड़ी ने आरोप लगाया है कि रोजदा निवासी एक युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर वीडियो जारी कर मृतक की निजता एवं गरिमा भंग की है। वीडियो में मृतक को नशे का इंजेक्शन लगाने के बाद मौत होने का दावा किया गया है, जिससे मृतक व उसके परिजनों की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति को वीडियो हटाने के लिए निवेदन किया गया, लेकिन अब तक वीडियो नहीं हटाया गया। आरोप है कि उक्त युवक ने अपने अकाउंट के मॉनिटाइज होने का हवाला देते हुए व्यूज व फॉलोअर्स बढ़ाने के उद्देश्य से वीडियो अपलोड करना बताया। प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि बिना अधिकृत जांच के मृतक के संबंध में भ्रामक जानकारी प्रसारित करना आईटी एक्ट एवं निजता के अधिकार का उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## रामेश्वर महादेव-हीरामल बाबा मंदिर में दसवां भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** भूरी भडाज गांव स्थित प्राचीन रामेश्वर महादेव एवं हीरामल बाबा मंदिर ढाणी मंगलदास वाली, भूरी भडाज में रविवार को आयोजित दसवां विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का भव्य प्रतीक बनकर उभरा। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में आयोजक शंकरलाल स्वामी की अग्रणी भूमिका रही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, सेवा और सद्भाव का संदेश देने का माध्यम है। श्रद्धालुओं की अपार सहभागिता हमारे प्रयासों की सबसे बड़ी सफलता है। यह आयोजन एडीजे एसओजी डायरेक्टर विशाल बंसल व जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई के मुख्य आतिथ्य तथा विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयोजक बालदास स्वामी, शंकरलाल स्वामी, कैलाश स्वामी, रामकरण स्वामी व मुकेश स्वामी की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर पारंपरिक सम्मान किया गया।

### कई हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्थाः

आयोजक शंकरलाल स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर दूर-दराज़ क्षेत्रों से पधारे संत-शिरोमणियों, औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु बाबा के मंदिर में धोक लगाकर मन्नतें मांगते हुए पहुंचे और विशाल भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। भजन संध्या ने बांधा समांः कार्यक्रम में हरियाणा के प्रसिद्ध गायक अमित चौधरी एंड पार्टी की ओर से भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।
विधायक कुलदीप धनकड का प्रेरक संदेशः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के सशक्त प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारी परंपराएं आज भी जीवंत हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए कहा कि आमजन निर्भीक होकर अपने कार्य करें, पुलिस हर परिस्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा व ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों की ओर से किए गए आत्मीय स्वागत के लिए सभी अतिथियों ने आभार व्यक्त किया।

## समाजसेवी भैरू सिंह शेखावत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस)।** ग्राम पंचायत सेवापूरा के हनुमानपुरा गांव निवासी समाजसेवी भैरू सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्पअर्पित करके तथा हाथ जोड़कर नमन किया। श्रद्धांजलि स्वरूप दीप प्रज्वलित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को याद किया
श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीणों ने शेखावत के व्यक्तित्व और समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे गांव के सच्चे हितैषी थे और हमेशा जरूरतमंदों के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। उन्होंने समाज में भाईचारा, सहयोग और जनसेवा की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था तथा उनके जनहित कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में सेना में गोल्ड मेडलिस्ट आनंद सिंह फौजी ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भैरू सिंह शेखावत ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित किया।

## राजलदेसर ढ़प मंडली ने फागोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय लोहिया मार्केट में होली पर्व पर ललित पारख व चन्द्रकांत पारख के सौजन्य से भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजलदेसर ढ़प मंडली ने चंग नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा, विनोद लुणिया, डॉ. एफ.एच. गौरी, विकास बांठिया, सुनील जालान, रामावतार लोहिया सहित बड़ी संख्या में शहर नागरिकों ने फागोत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर पर राजलदेसर की प्रसिद्ध ढ़प मंडली ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से वातावरण को रंगारंग बना दिया। फाग, धमाल और होली के पारंपरिक गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। आयोजकों ने आगंतुक अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



## ग्रहण के सूतक काल में नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालना दबाव या मजबूरी!

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** प्राचीन कहावत है 'विनाश काले विपरीत बुद्धि ', यह कहावत कस्बे के नंदकेश्वर शोभायात्रा समिति पर सटीक चरितार्थ होती नजर आ रही है। इस बार 3 मार्च उदयातिथि व्यापी पूर्णिमा पर चन्द्रग्रहण रहेगा। चन्द्रग्रहण का सूतक ग्रहण काल के लगभग 9 घंटे पहले लगेगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। कई शिवालय मंदिर ऐसे भी हैं जिनके कपाट नहीं है लेकिन उक्त शिवालयों के कपाट नहीं होने पर भी श्रद्धालु सनातन धर्म व सनातन संस्कृति का अक्षरशः पालन करते हुए सूतक काल के दौरान न तो शिव पंचायत का जलाभिषेक करेंगे ओर न शिव पंचायत की पूजा अर्चना करेंगे। लेकिन कस्बे की नंदकेश्वर शोभायात्रा समिति जानबूझकर अपने गलत निर्णय की वजह से न सिर्फ खुद ग्रहण के सूतक काल में शिव पंचायत के सदस्य भगवान भोलेनाथ के वाहन भगवान नंदकेश्वर की जीवंत शोभायात्रा पूजा अर्चना करके निकालेगी अपितु कस्बेवासियों को भी भ्रमित करके उन्हें सूतक काल में पूजा के लिए प्रेरित कर दोष व पाप का भागी बनायेगी। बता दें जब भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकलती है तो श्रद्धालु जीवंत नंदकेश्वर भगवान के नंदी रूपी मस्तक पर तिलक-अक्षत, रंग-गुलाल लगाकर आरती करते है। सूतक काल के दौरान जब श्रद्धालु मंदिर में पत्थर अथवा धातु से निर्मित प्राण-प्रतिष्ठित मूर्तियों की पूजा नहीं करके अपने सनातन धर्म व संस्कृति का निर्वहन करते हैं तो शोभायात्रा के दौरान जीवंत नंदकेश्वर की पूजा अर्चना करेंगे तो निश्चित रूप से यह सनातन की पौराणिक परपंराओं का उलंघन होगा। पूर्णिमा व अमावस्या के दिन समुद्र मे ज्वार भाटा की वजह से आम दिनों में शांत नजर आने वाली लहरें भी उग्र व रोद्र रूप में नजर आती है। जब उसी पूर्णिमा व अमावस्या पर होने वाले ग्रहण के सूतक के दौरान कोई जानबूझकर गलती करें तो उसके भविष्य में क्या परिणाम होंगे। यह अभी बताना असंभव है। ऐसा नहीं है कि नंदकेश्वर शोभायात्रा समिति में नाबालिग अथवा कम उम्र के युवा है। जिन्हें सनातन की पौराणिक धार्मिक परंपराओं का ज्ञान नहीं हो। शोभायात्रा समिति में ज्यादातर अधेड़ उम्र के लोग हैं और इनमें दो भारतीय पंचांग के ज्ञाता पंडित भी है। शोभायात्रा समिति अपने गलत निर्णय को सार्वजनिक रूप से बेइज्जती के डर से स्वीकार कर उसमें सुधार करने के बजाय समिति से जुड़े एक व्यक्ति ने उज्जैन के राजा महाधिराज भगवान महाकाल का उदाहरण देकर भ्रमित करने का असफल प्रयास किया। जिस तरह एक आम आदमी की तुलना मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति से नहीं की जा सकती। क्योंकि इन सबके के पास अलग-अलग शक्तियां होती है। ठीक वैसे ही कस्बे के आम शिवालय अथवा नंदकेश्वर की तुलना कालों के काल भगवान महाकाल से नहीं की जा सकती है। सूतक काल के दौरान आमजन आपस में रंग-गुलाल आदि तो लगा सकते हैं लेकिन सूतक काल के दौरान भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय निश्चित रूप से 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' की ओर इंगित करता है। नियमानुसार धुलंडी पर्व एकम तिथि को मनाया जाता है लेकिन शोभायात्रा समिति अपनी हठधर्मिता के चलते उदयातिथि पूर्णिमा चंद्रग्रहण के सूतक काल के दौरान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालकर मनायेगी। ग्रहण व सूतक के दौरान धार्मिक प्रवृत्ति के लोग ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करते हुए भगवान चन्द्रमा व सूर्य को राहत प्रदान करते थे। वहीं शोभायात्रा समिति बैंड-बाजों के साथ उन्हें पीड़ा पहुंचाने का कार्य करेगी। अब देखना यह है कि शोभायात्रा समिति धार्मिक परंपराओं का पालन करती हुई तिथि में बदलाव करेगी अथवा अपनी भ्रष्ट मति से सूतक काल में शोभायात्रा निकालेगी।

# लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद, जयपुर व बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान का संयुक्त अपनों के संग रंगों की सौंधी खुशबू

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद, जयपुर की ओर से 1 मार्च 2026 को बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान, शिव सर्किल, बनीपार्क में आयोजित होली महोत्सव आत्मीयता, अपनत्व और सांस्कृतिक उल्लास के बीच भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जयपुर में निवासरत लक्ष्मणगढ़ के प्रवासी बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी मिट्टी की यादों को फिर से जी उठे। यह आयोजन बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान व लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष परंपरागत रूप से आयोजित किया जाता है। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रवासी बंधुओं के लिए अपने गांव, अपनी संस्कृति और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का भावनात्मक सेतु है। कार्यक्रम में हर्षवर्धन व उनकी पार्टी के कलाकारों ने ढप, चंग और बांसुरी की मधुर धुनों पर पारंपरिक होली धमाल की मनमोहक प्रस्तुति दी। विशेष रूप से होली पर्व पर चंग का अपना अलग ही महत्व है।घनश्याम सुवटा घनश्याम इंदौरिया विकास मिश्रा यशपाल सारण लक्ष्मणगढ़ की ओर से एक से बढ़कर एक लोकगीतों की प्रस्तुति चंग ढप और बांसुरी की मधुर धुनों के साथ पारंपरिक होली धमाल की आकर्षक मे प्रस्तुति दी गई। राजस्थान की लोक संस्कृति में चंग केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि उत्साह, उमंग और सामूहिक एकता का प्रतीक है। जैसे ही चंग की थाप गूंजी, मानो फाल्गुन की मस्ती पूरे वातावरण में घुल गई और सभी एक स्वर में रंगों के उत्सव में डूब गए। बुजुर्गों की आंखों में बीते वर्षों की स्मृतियां झलक रही थीं, युवा जोश और उत्साह से सराबोर थे और बच्चों की खिलखिलाहट ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कलाकारों की मधुर गायकी और लोकनृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए यशपाल सारण, हेमंत जांगिड़, लक्ष्मीकांत जाजोदिया, लक्ष्मीनारायण निरानिया, रामप्रसाद सैनी, प्रभुदयाल अग्रवाल व दिनेश शर्मा व बनीपार्क धमार्थ संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज बाढ़दार एडवोकेट मंत्री विरेन्द्र परवाल कोषाध्यक्ष अतुल खाखोलिया सोम शेखर आडवियप्पा सभी प्रवासी बंधुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वार्षिक आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन चुका है।अंत में लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद, जयपुर ने सर्व समाज को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि रंगों का यह पावन उत्सव सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और प्रेम के नए रंग भर दे तथा समाज में सद्भाव और एकता को और सुदृढ़ बनाए।

## वित्त मंत्रालय की परिवेदना जयपुर तहसीलदार को भेजने पर उठे सवाल

**धौलपुर(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनियों में लंबे समय से बरसाती पानी, घरेलू उपयोग के पानी व सीवर लाइन ओवरफ्लो के कारण हो रहे जलभराव से परेशान लोगों की परिवेदनाओं के निस्तारण में लापरवाही के आरोप सामने आए हैं।







# यूजीसी कानून के विरोध में जिलाधीश कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन, नेशनल हाईवे 21 को जाम करने का प्रयास





**जयपुर(कास)।** यूजीसी कानून के विरोध में प्रदेश के दोसा जिलाधीश कार्यालय पर रविवार को हजारों की संख्या में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया लोगों ने नेशनल हाईवे 21 को जाम करने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क पर नहीं आने दिया हालांकि प्रदर्शनकारियों ने दोसा जिलाधीश कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास किया पुलिस ने भारी भीड़ को देखते हुए पहले ही जिलाधीश कार्यालय के बाहर भारी संख्या में बैरिकेट्स स्थापित कर दिए थे लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या काफी ज्यादा थी प्रदर्शनकारी जोर-जोर से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधीश कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे थे लेकिन वहां मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया बाद में प्रदर्शनकारियों ने काफी देर तक जिलाधीश कार्यालय के बाहर जोर-जोर से यूजीसी कानून के विरोध में नारेबाजी की जानकारी के अनुसार यूजीसी कानून के विरोध में यह विशाल प्रदर्शन सर्व समाज की ओर से किया गया था जिसमें सभी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाई और इस कानून को काला कानून बताया और कहा कि सरकार इस कानून के माध्यम से विभिन्न समाज में नफरत पैदा करने का प्रयास कर रही है इस कानून में गंभीर गलतियों और खामियां हैं जो समाज की शांति व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती है इसलिए इस कानून को वापस लिया जाए प्रदर्शनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार आखिर क्यों इस तरह का कानून ला रही है जिसमें आने वाले दिनों में विभिन्न समाज के लोग एक दूसरे के जान के दुश्मन बन सकते हैं जो शांति और कानून व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बन सकती है इसी बात को लेकर पिछले दिनों दौसा में सर्व समाज के पदाधिकारी की एक बड़ी बैठक का आयोजन हुआ था जिसमें 1 मार्च को दौसा में सहज नाथ मंदिर से लेकर जिलाधीश कार्यालय तक पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया था इसी निर्णय के क्रम में रविवार को विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में सबसे पहले सहजनाथ मंदिर के सामने पहुंचे यहां से लोग रैली के रूप में जिलाधीश कार्यालय के लिए रवाना हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई यह रैली जिलाधीश कार्यालय तक पहुंची रैली के दौरान लोगों में यूजीसी कानून को लेकर भारी आक्रोश देखा गया लोग केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी कर रहे थे लोगों ने हाईवे जाम करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें सड़क से हटा दिया






















## खाटू श्याम जी के मेले पर उत्तर पश्चिम रेलवे की पिछले साल की तुलना में इस बार रिकॉर्ड कमाई, यात्रियों की सुविधा के लिए कई बड़े निर्णय लिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन की ओर से इस बार विख्यात खाटू श्याम जी मेले में आने वाले यात्रियों के लिए कई बड़े निर्णय लिए थे और यात्रियों के सफर को सुविधाजनक और आसान बनाने की दिशा में भी कई नवाचार किए थे जिसकी वजह से इस बार खाटू श्याम जी के मेले में पिछले साल के तुलना में यात्रियों की संख्या में ज्यादा इजाफा हुआ और राजस्व की भी पिछले साल की तुलना में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई घ्र उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के रींगस पर 21 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक रींगस में आयोजित खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक और सुनियोजित इंतज़ामों के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की गई। इस अवधि में कुल 2.58 लाख यात्रियों ने रींगस रेलवे स्टेशन से यात्रा की तथा स्टेशन ने 3.40 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया, जो कि पिछले वर्ष के 2.71 करोड़ रुपए और 2.28 लाख यात्रियों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देशानुसार खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक और सुनियोजित इंतज़ामों के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की गई। उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक से अमिताभ ने खाटूश्यामजी मेले में व्यवस्थाओं को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये थे। मेले में ट्रेनों में आ रही ब्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए डीआरएम रवि जैन ने स्वयं रींगस जंक्शन पर मोर्चा सम्भाला। यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा रेलवे के प्रबन्ध के लिए डीआएम रवि जैन ने रींगस जंक्शन पर व्यवस्थाए सभाली। लगातार वे भीड व ट्रेनो की मोनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। साथ ही एडीआरएम गौरव गौड व अशफाक हुसैन अंसारी नें भी लगातार रींगस जंक्शन पर व्यवस्थाए सभाली। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मात्र दो महीनों में 1000 यात्रियों की क्षमता वाला एक नया मेला शेल्टर तैयार किया गया।













## खाटू श्याम जी के मेले में शनिवार की आधी रात लाठी भाटा जंग, तीन युवक गिरफ्तार

**जयपुर (कास)।** खाटू श्याम जी के मेले में शनिवार के आधी रात तोरण द्वार के पास श्रद्धालुओं को अपने-अपने गेस्ट हाउस ले जाने के मामले को लेकर दो पक्षों के लोगों के बीच आपस में लाठी भाटा जंग देखने को मिली जिसकी वजह से मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं में खलबली मच गई काफी देर तक बीच सड़क पर दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर लाठी और अन्य हथियारों से हमला बोलते रहे जिसकी वजह से वहां मौजूद लोग यह दृश्य देखकर घबरा गए इस दौरान एक महिला ने भी बीच बचाव करने का प्रयास किया ।









# सुमेरपुर में निजी अस्पताल पर गंभीर आरोप

## इलाज नहीं, पैसों की मंडी बन गया अस्पताल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** जवाई बांध रोड स्थित देवल हॉस्पिटल को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता तगाराम माली ने इलाज के नाम पर अनावश्यक जांचें लिखकर आर्थिक वसूली, बिल में पारदर्शिता की कमी तथा एम्बुलेंस शुल्क में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत भजनलाल शर्मा सहित राज्य के जिम्मेदार अधिकारियों को भेजी गई है और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायत में सुमेरपुर को 'अस्पताल नहीं, पैसों की मंडी' बनने जैसी तीखी टिप्पणी भी की गई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

आरोपः सामान्य बीमारी में भी महंगी जांचों की सूची शिकायत के अनुसार, सामान्य बीमारियों में भी महंगी पैथोलॉजी जांचों की लंबी सूची थमा दी जाती है। परिजनों का दावा है कि जांच व दवाइयों के संबंध में स्पष्ट और पूर्वानुमानित जानकारी नहीं दी जाती, जिससे बिल लगातार बढ़ता जाता है। डिस्चार्ज के समय विस्तृत बिल ब्योरा मांगने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता का कहना है कि गरीब और जरूरतमंद मरीज आर्थिक दबाव में आकर मजबूरीवश भुगतान करते हैं। कुछ परिजनों ने अस्पताल के रिसेप्शन पर तैनात कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बिल या जांचों को लेकर सवाल उठाने पर कथित रूप से दबाव बनाया जाता है।

**एम्बुलेंस शुल्क पर विवाद**

शिकायत में निजी एम्बुलेंस सेवा पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। एम्बुलेंस पर लुम्बाराम चौधरी का नाम अंकित होने का उल्लेख करते हुए निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूली का आरोप लगाया गया है। 'निःशुल्क सेवा' अंकित होने के बावजूद 'धुलाई/सर्विस चार्ज' के नाम पर अतिरिक्त राशि लेने का भी दावा किया गया है। तगाराम माली ने अमराराम माली की मृत्यु के बाद एम्बुलेंस चालक की ओर से कथित मनमानी और पूरा किराया व अतिरिक्त शुल्क वसूलने का आरोप लगाया है। शिकायत में अस्पताल व एम्बुलेंस संचालकों के बीच संभावित मिलीभगत की जांच की मांग की गई है।

**किन-किन को भेजी गई शिकायत?**

प्रकरण को लेकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री, जिला कलेक्टर पाली, सीएमएचओ पाली और उपखंड अधिकारी सुमेरपुर को ज्ञापन भेजकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**प्रशासन की भूमिका पर उठे सवालः**

स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए मामला राज्य सरकार के संज्ञान में लाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में मरीजों का शोषण न हो। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया। समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। पक्ष मिलने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

**नियम क्या कहते हैं?**

मरीज को उपचार, संभावित जोखिम और अनुमानित खर्च की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है। बिल की विस्तृत रसीद और जांच/दवा का पूरा विवरण देना अस्पताल की जिम्मेदारी है। एम्बुलेंस शुल्क शासन के निर्देशों और पारदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता सर्वोपरि है। अब निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो सकती है, वहीं जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 34 जोड़ों का पंजीयन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में ऊपरमाल धाकड़ समाज के 27 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष ओंकार लाल धाकड़ की अध्यक्षता व विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरेटीबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 4 अप्रैल को पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति का आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सैकंडरी स्कूल प्रांगण में अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। सम्मेलन के लिए अब तक 34 जोड़ों का पंजीयन हुआ है।

## विधायक सहारण ने किया फागोत्सव का शुभारम्भ

### बागला मार्ग में फागोत्सव में झूमे शहरवासी

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय कन्हैयालाल बागला मार्ग पर संगम मार्केट परिवार की ओर से शुक्रवार रात्री को होली पर रंगारंग फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया व एडवोकेट आनंद बालाण रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सहारण व अन्य अतिथियों ने चंग बजाकर किया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया। चूरू और राजलदेसर की पार्टी ने होली की धमालों पर नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन का मन मोहा। कार्यक्रम में मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री के संगीत विशेषज्ञ प्रियंका अग्रवाल व अजय जयंती आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान राजस्थानी गीतों पर वायलिन की धुन ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रदीप सरावगी, पवन ढ़ाढ़रिया, नवीन जोशी, विपुल सिगतिया, सुशील पीपलवा, घनश्याम चंदेल, पवन बगड़िया, विनोद लूनिया, मुरलीधर ऊंटवालिया, विमल सारस्वत, जगन्नाथ सातड़ेवाला, रमेश जांगिड़, अम्मीलाल तेतरवाल, प्रवीण कुल्हरि, मनोज फगेड़िया, शेरू गोयनका, मोहर सिंह, रामोतार चाहर आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित शहरवासियों ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया।

## 22 जाट रेजीमेंट यूनिट के सैनिकों का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 22 जाट रेजीमेंट यूनिट की 55 सदस्य टीम नायब सूबेदार मुकेश शेशमा के नेतृत्व में सुजानगढ़ पहुंची, जिसका भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक के नेतृत्व में स्वागत किया गया। नायब सूबेदार मुकेश शेशमा ने बताया कि 8 मार्च को चूरू में होने वाली एक्स सर्विसमैन रैली को लेकर भूतपूर्व सैनिक परिवारों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेने की अपील की जा रही है। रतनलाल ढ़ाका ने कहा कि युद्ध विधवा, वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनपे आश्रित परिवारजनों की समस्याओं का रैली में मौके पर ही समाधान किया जायेगा, क्योंकि समस्याओं से सम्बंधित अधिकारी इस रैली में चूरू में अपनी स्टॉल लगाएगे। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में हम लोगों को चूरू चलना है। वहीं राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने होली की बधाईयां देते हुए दुपट्टा व माला पहनाकर सैनिकों का स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कीलक ने भूतपूर्व सैनिक परिवार सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में 8 मार्च को चूरू स्टेडियम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने सभी सैनिकों को होली की बधाई देते हुए उनको गुलाल भी लगाया। इस अवसर पर नायब सूबेदार बलवान, हवलदार मुकेश, राकेश, नायक महेंद्र, एक्स हवलदार रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन ने मनाया फागोत्सव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से फाग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया ने बताया कि मातृशक्ति ने श्याम बाबा के सुमधुर भजनों और लोकगीतों के माध्यम से वातावरण को फाल्गुनी रंग में रंग दिया। युविका और नायशा ने राधा कृष्ण के स्वरूप में शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं ने एक दूसरे के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली और धमाल गायकी के साथ नृत्य कर आयोजन को परवान चढ़ाया। मंत्री सुमन मिरनका ने होली पर्व की लोक रीति पर चर्चा करते हुए कहा कि यह न केवल सामाजिक समता के विकास का पर्व है, बल्कि यह प्रकृति की आराधना का पर्व है। इस अवसर पर अनु तोदी, रितु गाड़ोदिया, किरण कंदोई, राखी तोदी, संजना जालान, सुमन जाजोदिया, रेनू तोदी, दीपा तोदी, सुमन खेतान, पायल सर्राफ, नीलिमा मंगलूनिया, सपना बेड़ियां, अंशु मोर, मोनिका शोभासरिया, हेमलता धनावत, निशा मनीष खेतान, पूजा अग्रवाल, मानसून पंसारी, राधिका खेतान, अंजू जालान, सपना बेड़िया, कविता खेतान, बिंदु फतेहपुरिया, सुनीता न्यामावाला, चंद्रकला तोदी, दीपिका मोर, संतोष खेतान, शिवानी खेतान आदि समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का दो दिवसीय अचीवर्स स्नेह मिलन



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर के सुंधा माताजी तलहटी के एक समाज भवन में राजपूत समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे अचीवर्स प्रबुद्ध जनों की दो दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन हुआ। केंद्रीय कार्यकारी रेवंतसिंह पाटोदा और पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायणसिंह देवल की उपस्थिति में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में जिले भर से आए प्रतिनिधियों ने गहन विचार विमर्श कर आगामी कार्य योजना तय की। संस्थापक तनसिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए दो दिवसीय कार्यक्रम में समाज के व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी और राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रबुद्ध समाज बंधुओ ने भाग लिया। मंगलाचरण और प्रार्थना से प्रारंभ कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में पंचायती राज चुनाव, विशेष कार्य करने वाले समाज बंधुओ का मिलन, प्रतियोगी परीक्षा, शिक्षा के प्रति जागरूकता, आर्थिक रूप से आरक्षण व सरलीकरण, ग्राम जागरूकता चौपाल, युवा शिविर, विन कॉमपेट टेस्ट सीरीज, व्यापारी और कर्मचारी स्नेह मिलन, सामाजिक मुद्दों पर लोकतंत्रात्मक प्रणाली से कार्य, सामाजिक सरोकार और पंचायती राज चुनाव में ईडब्ल्यूएस आधारित आरक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर योजना बनाई गई। विचार मंथन और सामाजिक चिंतन के दौरान रात्रि विश्राम से पूर्व चले सत्र में राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रहे मुख्य लोगों का प्रताप फाउंडेशन के निर्देशन में जिला स्तर और उसके बाद पंचायत समिति स्तर पर एक दिवसीय शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वीरमदेव और हीरादे के बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन पर भी विस्तृत चर्चा हुई। फाउंडेशन के जिला प्रभारी गणपतसिंह भवरानी ने बताया कि दो दिवसीय विचार मंथन के दौरान संभाग प्रमुख अर्जुनसिंह देलदरी, दीपसिंह धनानी, हिंदूसिंह दूठवा, सुमेरसिंह धानपुर, राजवीरसिंह नौसरा, विक्रमसिंह रातडी, दलपतसिंह उचमत, महेंद्रपालसिंह चेकला, दौलतसिंह कलापुरा, चंद्रवीरसिंह रामसीन, छैलसिंह उचमत, नीरजकुमारी, दीपसिंह कागमाला, फूलसिंह जाखडी, गुमानसिंह सेखाला, खुशबीरसिंह चांदूर,भेरूपाल सिंह दासपा, दशरथसिंह भांडवपुर, महीपालसिंह अचलपुर, लक्ष्मणसिंह रतनपुर, दीपसिंह दूधवा, दलपतसिंह तूरा, गोपालसिंह सिलासन, वीरबहादुरसिंह रानीवाड़ा, रूपेंद्रसिंह सामूजा, गिरधरसिंह आकोली, उगामसिंह कोलर, डूंगरसिंह कारोला, पुष्पेंदसिंह डोरडा, ईश्वरसिंह संगाना, बहादुरसिंह परावा, देवीसिंह राजीकावास, राजेंद्रसिंह मांडोली, जनकसिंह जेरण, जनकपालसिंह सांपनी, उम्मेदसिंह ऊण, जितेंद्रसिंह जाखड़ी, जसवंतसिंह बावतरा सहित सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के राजनेता, व्यापारी, अधिकारी और कर्मचारी प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर नगर पालिका में रंगों की बौछार, गुलाल की गूंज, ढोल-नगाड़ों की थाप

### धूमधाम से मनाया होली महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगर पालिका परिसर होली के एक दिन पूर्व रंगों से सराबोर नजर आया। होली का पर्व यहां बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। रंग-गुलाल की उड़ती बौछारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। यह रंगीला आयोजन अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित के सानिध्य में कर्मचारियों के साथ रंगो का पर्व मनाया गया। सुबह से ही पालिका कार्यालय में उत्सवी माहौल बन गया। जैसे ही गुलाल उड़ा, पूरा परिसर रंगों की इंद्रधनुषी छटा से भर उठा। ढोल की थाप पर कर्मचारी और उपस्थित लोग पारंपरिक अंदाज़ में झूम उठे। माहौल में अपनापन, भाईचारा और उल्लास साफ झलक रहा था।

कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपील की कि होली को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए मनाएं। साथ ही नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और गले मिलकर खुशियां साझा कीं। हंसी-ठिठोली और रंगों की फुहारों के बीच पूरा कार्यक्रम सौहार्द और टीम भावना का प्रतीक बन गया। नगर पालिका का यह होली महोत्सव केवल रंगों का नहीं, बल्कि एकजुटता, सकारात्मक ऊर्जा और नगर विकास के संकल्प का भी संदेश दे गया।

## माउंट आबू का नाम बदलकर 'आबूराज' करने की घोषणा

### बजट सत्र में निर्णय के बाद शिवगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर (सिरोही)।** राजस्थान सरकार की ओर से बजट सत्र में धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पर्वतीय स्थल माउंट आबू का नाम बदलकर 'आबूराज' करने की घोषणा के बाद शिवगंज में भारतीय जनता पार्टी मगर मंडल की ओर से बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी और भाजपा जिला अध्यक्ष रक्षा भंडारी का स्वागत-सत्कार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि यह स्थान केवल पर्यटन केंद्र नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माउंट आबू से शक्ति, भक्ति और सनातन परंपराओं का गहरा संबंध रहा है। सरकार का यह निर्णय सांस्कृतिक अस्मिता को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से इस स्थल को 'आबूराज' के नाम से जाना जाता था, जिसे अंग्रेजी शासनकाल में परिवर्तित कर 'माउंट आबू' कर दिया गया था। अब राज्य सरकार द्वारा पुनः पारंपरिक नाम 'आबूराज' करने की घोषणा इतिहास में दर्ज होने वाला निर्णय है। मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत ने सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित करने की पहल है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश दवे, जिला महामंत्री गणपत सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष वेनाराम प्रजापत, रूपेश देवासी, महामंत्री कुंदनमल राठी, नरेश सिंधी, भरत सुथार, महेंद्र दवे, प्रकाश खंडेलवाल, खेमसिंह चौधरी, राजेंद्र राजपुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश भाटी, मानक प्रजापत, मांगीलाल टॉक, अशोक कुमावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। घोषणा के बाद क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। अब सभी की नजरें आगामी औपचारिक प्रक्रियाओं और अधिसूचना जारी होने पर टिकी हैं।

**कार्यालय ग्राम पचायत पंडितपुरा पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली - बहरोड़**

क्रमाकः- ग्रा.प.वी./2025/95 दिनांक :- 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना /2025-26**

ग्राम पंचायत पंडितपुरा पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली - बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in य sppp.rajasthan.gov.in से upload/ download की व देखी जा सकती है।

UBN NO-
JP2526WSRC02790 JP2526WSRC02787
JP2526WSRC02789 JP2526WSRC02786
JP2526WSRC02788 JP2526WSRC02785

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पचायत पंडितपुरा, पंचायत समिति पावटा
प्रशासक, ग्राम पचायत पंडितपुरा, पंचायत समिति पावटा

**कार्यालय ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली - बहरोड़**

क्रमाक :- ग्रा.प.वी./2025/179 दिनांकः- 27-02-2026

**ई - निविदा सूचना / 2025-26**

ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली - बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO- JP2526WSRC02791

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर, पंचायत समिति पावटा
प्रशासक, ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर, पंचायत समिति पावटा

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिकरिया, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली - बहरोड़**

क्रमांकः-ग्रा.प.ठि./2025/25 दिनांक- 27.2.2026

**ई-निविदा सूचना / 2025-26**

ग्राम पंचायत ठिकरिया, पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली-बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO- ZJP2526WSRO02782
ZJP2526WSRC02783
ZJP2526WSRC02784

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ठिकरिया, पं. स. पाटी कोटपूतली बहरोड
प्रशासक, ग्राम पंचायत ठिकरिया, पं. स. पाटी कोटपूतली बहरोड

**कार्यालय ग्राम पंचायत हबसपूरा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)**

क्रमांक. ग्रा.पं. हसपुरा/निविदा/लेखा/2025-26/202 दिनांक : 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 04**

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ्य ग्राम पंचायत हसपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणों की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1896 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपकमो से बोली लगाने से विवर्जित/ ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्कों की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय मैं एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www. eproc. rajasthan. gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP 2526GLOB02764
TENDER ID- 2026_PRD_543321_1

प्रशासक, ग्राम पंचायत हबसपुरा, पं.स. सांभरलेक
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत हबसपुरा, पं.स. सांभरलेक

## संभाग में दूसरा स्थान, जमीनी हकीकत शून्यः वार्ड 10 (नया 12) की सड़कें बनी 'दरिया', लोगों में बीमारी का डर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में भरतपुर संभाग में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली राजाखेड़ा नगर पालिका की जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कस्बे के वार्ड नंबर 10 (नया वार्ड 12) में मछला की पार से हाट मैदान रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों गंदे पानी के भराव से 'दरिया' का रूप ले चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों सहित स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर माध्यमिक सरस्वती बाल विद्या मंदिर सहित अन्य विद्यालय संचालित हैं, जहां प्रतिदिन आने-जाने वाले नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि इस स्थिति के कारण बच्चों में संक्रमण व मौसमी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का जीवन भी नारकीय बना हुआ है। क्षेत्रवासियों के अनुसार आम रास्तों की नालियां लंबे समय से सफाई के अभाव में सिल्ट से चोक पड़ी हैं, जिससे जल निकासी नहीं हो पा रही और गंदा पानी सड़कों पर ओवरफ्लो हो रहा है। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण में मिली उपलब्धियां केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि राजाखेड़ा नगर पालिका को स्वच्छता रैंकिंग में संपूर्ण राजस्थान में 16वीं तथा देशभर की शहरी निकायों में 280वीं रैंक प्राप्त हुई है। साथ ही 20 से 50 हजार की आबादी वाली श्रेणी में 3-स्टार रेटिंग के तहत प्रदेश में पहला स्थान भी मिला है। नगर पालिका के पास उन्नत डंपयार्ड व अत्याधुनिक एफएसटीपी प्लांट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, वहीं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य 'उड़ान इंडिया' फर्म के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसके बावजूद वार्डों में व्याप्त जलभराव व गंदगी ने पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था के लिए नए कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद भी कई जमादार फील्ड में नजर नहीं आते और उन्हें कार्यालयीन कार्यों में लगाया गया है। यहां तक कि हाजिरी के समय भी कई कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं। कस्बेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग करते हुए सवाल उठाया है कि जब स्वच्छता सर्वेक्षण में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया है,





















स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।